भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2159

गुरुवार, 4 जुलाई, 2019/13 आषाढ़, 1941 (शक)

कुठिरन के पास निर्माण कार्य

2159. कुमारी राम्या हरिदासः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान देश में विशेष रूप से केरल में निर्माण और आधुनिकीकरण किए गए राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लम्बाई कितनी है;

(ख) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग केरल के त्रिसूर जिले के कुठिरन के पास सुरंग सुरक्षित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा इस सुरंग की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): देश में पिछले पांच वर्षों के दौरान निर्मित राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 39,386 किमी है और इसी अवधि के दौरान केरल में यह लंबाई 222 किमी है।

(ख) एवं (ग): कुठिरन सुंरग, केरल राज्य में डिजाइन, निर्माण, वित्त, प्रचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) विधि के आधार पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के माध्यम से शुरू की गई रारा-47 (किमी 240.000 से किमी 270.000) के वडक्कनचेरी-त्रिसूर खंड की 6-लेन की परियोजना का हिस्सा है। यह सुरंग अभी संचालन में नहीं है और इसका निर्माण भारतीय सड़क कांग्रेस (आइआरसी) जो सुरक्षा मानकों का ध्यान रखता है, के मानकों और विनिर्देशनों के अनुसार किया गया है।

*****